भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 229 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 11 फरवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


# क्षमा भी, सवाल भी LIVE पॉडकास्ट में करप्शन पर दो टूक

## एडवोकेट सुमित जोशी ने मांडलगढ़ के पूर्व विधायक से माफ़ी मांगते हुए सिस्टम को कटघरे में खड़ा किया

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**कपिल श्याम विजय**

बिजोलिया क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को लेकर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप भीलवाड़ा फ़ोकस के LIVE पॉडकास्ट में खुलकर सामने आए। इस विशेष चर्चा में समाजसेवी एवं जागरूक अधिवक्ता बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुमित जोशी ने नगर पालिका और पंचायत समिति के कार्यों पर सवाल उठाते हुए पारदर्शिता की मांग की। चर्चा का संचालन भीलवाड़ा फ़ोकस के होस्ट व प्रधान संपादक कपिल विजयवर्गीय ने किया।

LIVE पॉडकास्ट के दौरान सुमित जोशी ने नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सड़कों के निर्माण में बजरी का प्रयोग नहीं किया जा रहा है, जिससे निर्माण की मजबूती पर संदेह पैदा होता है। जोशी ने कुछ दिन पहले बने मुख्य मार्ग का उदाहरण देते हुए कहा कि सड़क की एक साइड से दिनभर धूल उड़ती रहती है, जो घटिया निर्माण और मानकों की अनदेखी को दर्शाता है।

### विधानसभा के राजगढ़ क्षेत्र का उदाहरण देकर चेतावनी

चर्चा के दौरान जोशी ने विधानसभा क्षेत्र के राजगढ़ में विधालय में हुए निर्माण कार्यों के दौरान सामने आए करप्शन जैसे संकेतों का हवाला देते हुए कहा कि बिजोलिया में भी इसी तरह की स्थितियां उभरती दिखाई दे रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इन मामलों पर निगरानी और कार्रवाई नहीं हुई, तो जनता के पैसों से हो रहे विकास कार्यों का उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा।

### भाजपा कार्यकर्ताओं में नाराजगी का मुद्दा उठा

LIVE चर्चा में जोशी ने भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं में पनप रही नाराजगी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि संगठन में कुछ गिने-चुने लोगों को ही तवज्जो दिए जाने से जमीनी कार्यकर्ताओं में असंतोष है, जो लंबे समय में पार्टी और क्षेत्रीय राजनीति दोनों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है।



### तेजाजी चौक के विद्यालय भवन को लेकर सख्त रुख

जोशी ने नगर के मुख्य मार्ग पर जमींदोज किए गए विद्यालय भवन को लेकर भी दो टूक कहा कि उक्त स्थान पर पुनः विद्यालय भवन ही बनाया जाना चाहिए। उन्होंने आशंका जताई कि यदि वहां किसी अन्य गतिविधि को अंजाम दिया गया, तो इसका विरोध किया जाएगा। उनका कहना था कि शिक्षा से जुड़ी संपत्तियों के साथ किसी भी तरह का समझौता और कॉमर्शियल स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### पंचायत समिति के कार्यों पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

LIVE पॉडकास्ट के दौरान पंचायत समिति के अंतर्गत कराए गए विभिन्न विकास कार्यों एवं समिति के अभियंता पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए। जोशी ने कहा कि पंचायत स्तर पर हुए कई कार्यों में गुणवत्ता और खर्च को लेकर सवाल खड़े होते हैं जिनकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

### पूर्व नेताओं को किया याद, सम्मान जताया

चर्चा के दौरान सुमित जोशी ने पूर्व विधायक स्व. विवेक धाकड़ से एक पूर्व प्रसंग को लेकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी और थड़ौदा में दिए गए महात्मा गांधी अंग्रेज़ी माध्यमिक विद्यालय की सौगात के लिए आभार जताया। इसके साथ ही उन्होंने पूर्व जिला प्रमुख कन्हैयालाल धाकड़ को समाज का मसीहा बताते हुए कहा कि उनके प्रयासों से धाकड़ समाज आज प्रगति के पथ पर अग्रसर हुआ है और उनका योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा।

### करप्शन के खिलाफ लड़ाई आगे जारी रहेगी


LIVE पॉडकास्ट में जोशी ने यह भी बताया कि उन्होंने पूर्व में भी भ्रष्टाचार के मामलों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए कार्रवाई करवाई है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि करप्शन के विरुद्ध उनकी लड़ाई आगे भी जारी रहेगी और यदि कोई पीड़ित सामने आता है, तो उसे न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# रिश्वत लेते गुमानपुरा थाने का कॉन्स्टेबल रंगे हाथ गिरफ्तार

## झूठे मुकदमे में नहीं फंसाने के नाम पर 8 हजार मांगे, 3 हजार लेते एसीबी ने दबोचा

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा**

**गर्वित** भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की कोटा टीम ने मंगलवार को गुमानपुरा थाने के एक कॉन्स्टेबल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कॉन्स्टेबल ने एक युवक से झूठे मुकदमे में नहीं फंसाने और उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने की एवज में 8 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी, जिसमें से 5 हजार रुपए वह पहले ही वसूल चुका था। शेष 3 हजार रुपए लेते समय एसीबी ने उसे दबोच लिया। एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार ने बताया कि 9 फरवरी को परिवादी शानू ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि वह पूर्व में एचडीएफसी बैंक के लिए रिकवरी का कार्य करता था, जो अब बंद कर चुका है। एक दिन वह विशाल मार्केट स्थित अपने मित्र की दुकान पर बैठा था, तभी गुमानपुरा थाने का कॉन्स्टेबल जीतराम वहां आया और उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर रिश्वत की मांग की। शिकायत में यह भी बताया गया कि आरोपी कॉन्स्टेबल 7 फरवरी को परिवादी से जबरन 5 हजार रुपए ले चुका था और लगातार शेष 3 हजार रुपए की मांग कर रहा था। एसीबी ने शिकायत का सत्यापन कराया, जिसमें रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई।



### थाने के बाहर बुलाकर ली रिश्वत

उप महानिरीक्षक पुलिस आनन्द शर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस निरीक्षक चन्द्र कंवर एवं उनकी टीम ने योजना के अनुसार कार्रवाई की।

एएसपी स्वर्णकार ने बताया कि आरोपी जीतराम ने परिवादी को रुपए लेकर थाने के बाहर बुलाया। जैसे ही परिवादी वहां पहुंचा, आरोपी ने उससे 3 हजार रुपए लिए, गिनकर अपनी जेब में रखे। इसी दौरान एसीबी टीम ने दबिश देकर उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से रिश्वत की पूरी राशि बरामद कर ली गई। एसीबी को देखकर आरोपी घबरा गया, लेकिन उसे कोई मौका नहीं दिया गया। एसीबी द्वारा आरोपी कॉन्स्टेबल से पूछताछ जारी है और उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।



# एसडीएम की गाड़ी पलटी, उपखंड अधिकारी व चालक घायल

## टायर फटने से हुआ हादसा, विद्युत पोल से टकराकर पलटी कार



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** सवाईपुर-बड़लियास रोड पर मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। कोटड़ी उपखंड अधिकारी की सरकारी गाड़ी का टायर फटने से वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गया और पलट गया। हादसे में उपखंड अधिकारी तानिया रिणवा एवं चालक घायल हो गए। सूचना पर बड़लियास थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

जानकारी के अनुसार उपखंड अधिकारी रिणवा बड़लियास स्थित कृषक सेवा सहकारी संस्था के निरीक्षण के लिए जा रही थीं। इसी दौरान चांदगढ़ गांव के पास अचानक टायर फट गया, जिससे गाड़ी नियंत्रण खो बैठी और विद्युत पोल से टकराकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों व राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई।

**सवाईपुर चिकित्सालय में नहीं मिला डॉक्टर**

हादसे में घायल एसडीएम व चालक को सवाईपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, लेकिन वहां डॉक्टर मौजूद नहीं था। ऐसे में नर्सिंग ऑफिसर द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। उपखंड अधिकारी की हालत गंभीर होने पर उन्हें भीलवाड़ा जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। घटना को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई। लोगों का कहना है कि जब उपखंड स्तर के अधिकारी के इलाज के लिए डॉक्टर उपलब्ध नहीं हैं, तो आमजन की स्थिति क्या होगी।



**मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी**

सूचना मिलने पर बड़लियास नायब तहसीलदार मदनलाल शर्मा, एएसआई गोपाल सिंह, आकोला व जीवाखेड़ा पटवारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

**सड़क किनारे लगे विद्युत पोल बन रहे हादसों की वजह**

क्षेत्र में नई विद्युत लाइन डालने के दौरान ठेकेदारों द्वारा सड़क के अत्यंत समीप विद्युत पोल लगाए जा रहे हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इस मुद्दे पर पूर्व में रेड़वास विद्युत ग्रिड के शिलान्यास के दौरान ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर से भी सवाल किया गया था। तब उन्होंने कहा था कि सड़क किनारे विद्युत पोल न लगाने के स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, क्योंकि सड़क चौड़ीकरण के समय इन्हें हटाना पड़ता है।

# 42 किलो डोडा चूरा व देसी पिस्टल सहित दो आरोपी गिरफ्तार

## अजमेर-भीलवाड़ा रोड पर मिनी ट्रक से हो रहा था अवैध मादक पदार्थ का परिवहन, वाहन जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सदर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध डोडा चूरा के परिवहन में लिप्त दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 42 किलो 160 ग्राम अवैध डोडा चूरा, एक देसी पिस्टल मय 8 कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त अशोक लीलैंड मिनी ट्रक जब्त किया है।

यह कार्रवाई थानाधिकारी गजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में की गई । सिंह ने बताया कि 9 फरवरी को एएनटीएफ चौकी से सूचना मिली कि अजमेर-भीलवाड़ा रोड पर सरस डेयरी चौकी के आगे जोधड़ास चौराया के पास एक संदिग्ध मिनी ट्रक खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत वाहन की तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान ट्रक की ट्रॉली और केबिन में छिपाकर रखे गए तीन प्लास्टिक कट्टों से कुल 42 किलो 160 ग्राम अफीम डोडा चूरा बरामद किया गया। वहीं एक आरोपी के पास से एक देसी पिस्टल, जिसमें दो मैगजीन सहित कुल 8 कारतूस लोड थे, भी बरामद किए गए।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजकुमार पुत्र सुमेरराम विश्नोई (35) निवासी गुढा विश्नोईयान जोधपुर तथा महिपाल पुत्र भागीरथ चौधरी (23) निवासी एकता नगर जोधपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट एवं आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है।इस कार्रवाई में एएनटीएफ चौकी एवं सदर थाना पुलिस की संयुक्त टीम शामिल रही।


'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo. 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# नाबालिग से छेड़छाड़ व दांतों से काटने के दोषी को तीन साल की सजा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



नाबालिगों की सुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए विशिष्ट न्यायाधीश पोक्सो न्यायालय ने एक गंभीर मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए कठोर सजा सुनाई है। बीच सड़क नाबालिग बालिका को रोककर उसके साथ छेड़छाड़ करने और दांतों से काटने के मामले में न्यायालय ने आरोपी को तीन वर्ष के कठोर कारावास व 16 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

विशिष्ट लोक अभियोजक धर्मवीरसिंह के अनुसार यह घटना 16 नवंबर 2024 की है। पुर थाना क्षेत्र में आरोपी सुनील उर्फ सोनू (21) निवासी मंगलपुरा ने 17 वर्षीय बालिका को रास्ते में रोककर अभद्रता की। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गया। मामले में पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच पूरी होने के बाद चालान पेश किया। अदालत में अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया गया।

# स्मैक तस्करी मामले में आरोपी को दो साल की सजा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



नशीले पदार्थों के खिलाफ सख्त संदेश देते हुए विशिष्ट न्यायाधीश (एनडीपीएस प्रकरण) ने स्मैक तस्करी के एक पुराने मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए दो वर्ष के कठोर कारावास व 20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशिष्ट लोक अभियोजक रामस्वरुप गुर्जर के अनुसार मामला 30 दिसंबर 2018 का है। सुभाषनगर थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में घूम रहे प्रतापगढ़ जिले के कनोरा निवासी आबिद खान को रोककर तलाशी ली, जिसमें उसके कब्जे से 20 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर जांच के बाद चालान पेश किया। अदालत में अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया गया।

# ग्राम उत्थान शिविर से किसान को राहत, खेतों में हुई तारबंदी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



ग्राम उत्थान शिविर के माध्यम से रायला तहसील निवासी किसान को बड़ी राहत मिली है। लंबे समय से आवारा एवं जंगली पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान की समस्या का समाधान शिविर में ही कर दिया गया।

भजनलाल शर्मा की पहल पर आयोजित ग्राम उत्थान शिविर में शंकर लाल तेली ने अपनी समस्या ग्राम सेवक के समक्ष रखी, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उनके खेत में तारबंदी कार्य स्वीकृत किया गया। योजना के अंतर्गत उन्हें 30 हजार रुपये का अनुदान प्रदान किया गया।

तारबंदी पूर्ण होने से अब खेत सुरक्षित हो गए हैं और फसलों को पशुओं से होने वाला नुकसान रुक गया है। किसान ने सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया।

# खेत में सिंचाई के दौरान करंट से किसान की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



क्षेत्र के कोदूकोटा गांव में खेत में फसलों की सिंचाई के दौरान एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के कोदूकोटा स्थित बैरवों का झोपड़ा निवासी भेरूलाल बैरवा (35) पुत्र जगन्नाथ बैरवा खेत में फसलों की पिलाई करने गया था। इसी दौरान पानी की मोटर चालू करते समय वह अचानक करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही अचेत हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# ट्रक की टक्कर से मोपेड सवार बुजुर्ग की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



धुलखेड़ा ओवरब्रिज के पास मंगलवार सुबह हुए सड़क हादसे में मोपेड सवार एक बुजुर्ग की जान चली गई। तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए और अस्पताल में मृत घोषित कर दिए गए। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान धुलखेड़ा निवासी बदरू बेग (60) पुत्र नूर बेग के रूप में हुई है। वे सुबह रिश्तेदार से मिलकर मोपेड से घर लौट रहे थे, तभी ओवरब्रिज के समीप हादसा हुआ। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया। मांडल थाना पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश शुरू कर दी है।

# जनगणना 2027 को लेकर अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

## नगर निगम सभागार में चार्ज व अतिचार्ज अधिकारियों को दिए गए दिशा-निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**




जनगणना 2027 के सफल एवं सुचारू आयोजन के उद्देश्य से मंगलवार को नगर निगम सभागार में जिले के सभी चार्ज एवं अतिचार्ज अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन के तत्वावधान में किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) रणजीत सिंह गोदारा तथा जनगणना निदेशालय के प्रतिनिधि व ट्रेनर डॉ. पुलकेश शर्मा उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर ने प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला है, इसलिए सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ करें। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना निदेशालय के ट्रेनर ने जनगणना 2027 से संबंधित दिशा-निर्देश, कार्ययोजना, डाटा संग्रहण प्रक्रिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग, समयबद्धता एवं गोपनीयता जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। बताया गया कि जिले में जनगणना कार्य दो चरणों में किया जाएगा, जिसमें प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण का कार्य 16 मई से 14 जून तक किया जाएगा।

# फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र से पेंशन लेने का आरोप, जांच की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**




बदनोर पंचायत समिति क्षेत्र की गारिया खेड़ा ग्राम पंचायत में एक महिला पर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर सरकारी पेंशन योजना का लाभ लेने का गंभीर आरोप सामने आया है। गारिया खेड़ा निवासी सीताराम गुर्जर ने अपनी पूर्व पत्नी तेजी देवी के खिलाफ प्रशासन से शिकायत करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। सीताराम गुर्जर का आरोप है कि तेजी देवी ने वर्ष 2021 में स्वयं को विधवा दर्शाने के लिए किसी अन्य व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र उपयोग किया, जिसमें पति के रूप में सीताराम गुर्जर का नाम अंकित है, जबकि वे जीवित हैं। आरोप है कि इस कथित फर्जीवाड़े में ई-मित्र संचालक, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारी और ग्राम सचिव की भूमिका भी संदिग्ध है। शिकायत के अनुसार तेजी देवी ने 25 मई 2021 को पेंशन के लिए आवेदन किया था, जिसे 1 जून 2021 से स्वीकृति मिल गई। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि महिला किस श्रेणी के अंतर्गत पेंशन प्राप्त कर रही है। सीताराम ने यह भी आरोप लगाया कि तेजी देवी ने अपनी जन्मतिथि 1 जनवरी 1945 फर्जी रूप से दर्ज करवाई है, जो आधार कार्ड में भी अंकित है।

# शिवरात्रि मेले में इस बार दिखेगा नवाचार, व्यवस्थाओं पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर

## तिलस्वा महादेव मेले को लेकर बैठक में सुरक्षा, साफ-सफाई, बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं पर दिए गए निर्देश





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

तिलस्वा महादेव मंदिर पर आगामी शिवरात्रि मेले के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को उपखंड कार्यालय में उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौर की अध्यक्षता में प्रशासनिक अधिकारियों एवं मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपखंड अधिकारी राठौर ने मेले के दौरान सुरक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, साफ-सफाई, भोजन एवं पेयजल व्यवस्था को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने तिलस्वा पेट्रोल पंप से लेकर कांस्या पंप तक सड़क किनारे पड़े पत्थरों के अतिक्रमण को हटवाकर मार्ग को दुरुस्त करने तथा कांस्या पंप तक विद्युत आपूर्ति सुचारु रखने के निर्देश विद्युत विभाग को दिए।

बैठक में मंदिर परिसर में लगी दुकानों को मेले से पूर्व बाहर स्थानांतरित करने पर सहमति बनी। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष रमेशचंद्र अहीर ने प्रस्ताव रखा कि जब धूप-बत्ती पात्र को मंदिर के बाहर स्थानांतरित कर दिया गया है, तो मंदिर के अंदर लगी रेलिंग को भी हटवाकर पूरा स्थान खाली किया जाए, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन में सुविधा मिल सके। ट्रस्ट सचिव मांगीलाल धाकड़ ने बताया कि अंदर स्थित दुकानों को हटाने के लिए नोटिस जारी किए जा चुके हैं, जिन्हें पुलिस प्रशासन के सहयोग से हटाया जाएगा।

बैठक में यह भी तय किया गया कि इस वर्ष शिवरात्रि मेले का आयोजन पूर्व वर्षों की अपेक्षा नवाचार के साथ किया जाएगा। ग्राम पंचायत कार्यालय के पास पुलिस कंट्रोल रूम स्थापित करने, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने तथा मंदिर ट्रस्ट को मंदिर परिसर में साफ-सफाई, भोजन एवं विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इसके साथ ही पंचायत को बाहरी परिसर में साफ-सफाई एवं विद्युत व्यवस्था बनाए रखने तथा स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बीसीएमओ गोपाल यादव को आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए गए। मेले के दौरान व्यवस्थाओं को सुचारु रखने के लिए अतिरिक्त ग्राम विकास अधिकारियों की अस्थायी नियुक्ति के भी निर्देश जारी किए गए। बैठक में थाना अधिकारी स्वागत पाण्डेय, विकास अधिकारी अशोष शर्मा, कांस्या चौकी प्रभारी नरेश सुखवाल, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता ललित मेवाड़ा, जलदाय विभाग के सहायक अभियंता रामप्रसाद धाकड़, ग्राम विकास अधिकारी छुट्टन शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।




QUICK BITES

## ज्योति नगर कॉलोनी शाहपुरा में चुनाव संपन्न, नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**



**मूलचन्द पेसवानी** शाहपुरा कस्बे की ज्योति नगर कॉलोनी में कॉलोनी समिति के चुनाव सोमवार सायं शांतिपूर्वक संपन्न हुए। यह बैठक निवर्तमान अध्यक्ष सुनील कुमार गोखरू के आवास पर संरक्षक तेजपाल उपाध्याय के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सुनील गोखरू ने की। बैठक में निवर्तमान कार्यकारिणी द्वारा अपने कार्यकाल में किए गए सामाजिक कार्यक्रमों एवं कॉलोनी की समस्याओं के समाधान के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की गई। उपस्थित सभी सदस्यों ने निवर्तमान कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया।

इसके बाद नई कार्यकारिणी के गठन का प्रस्ताव रखा गया, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया। चुनाव में गिरिराज उपाध्याय को अध्यक्ष, लक्ष्मण सिंह शेखावत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मनीष सर्वा को उपाध्यक्ष, शिवचरण शर्मा को सचिव, शिवराज चोखड़ा को सह-सचिव, सत्येंद्र जाजू को कोषाध्यक्ष एवं सुनील कुमार शर्मा को सह संरक्षक नियुक्त किया गया।

निवर्तमान अध्यक्ष सुनील गोखरू ने अपने कार्यकाल में मिले सहयोग के लिए सभी का आभार जताते हुए नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

बैठक में चंद्र प्रकाश तोषनीवाल, राजकुमार अग्रवाल, त्रिलोक गगरानी, शुभम काल्या, दिनेश झंवर, अभिषेक झंवर, गिरिराज शर्मा, चंचल शर्मा, विक्रम सिंह सक्तावत, राजेश झंवर, सुनील दत्त पाराशर, चंद्र प्रकाश शर्मा एवं बिट्टू सेन सहित कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

## एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**




एसडीएम कॉलेज महिला आश्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में छात्राओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से सेवा भावना से जोड़ने पर जोर दिया गया।

शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विभिन्न वक्ताओं ने स्त्री स्वास्थ्य, संतुलित आहार, आयुर्वेद, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका और आर्थिक जागरूकता पर मार्गदर्शन दिया। रश्मि पारीक ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य ही वास्तविक समृद्धि है। शिविर के दौरान पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, श्रमदान, गांव भ्रमण, नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, स्लोगन व रैली सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की गईं। समापन अवसर पर डायरेक्टर विभा माथुर ने प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली स्वयंसेविकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। संस्था सचिव वंदना माथुर ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नज़र ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# कोटाज में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित, 18 बालिकाओं को मिली निशुल्क साइकिलें

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

**( विक्रम सिंह )।** पारोली क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटाज में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के तहत 18 बालिकाओं को निशुल्क साइकिलें वितरित की गई साइकिलें प्राप्त कर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।



कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत कोटाज के प्रशासक गोपाल सिंह कानावत ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा उपस्थित रहे । विशिष्ट अतिथियों में धर्मचंद जीनगर, मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, महेशचंद्र काबरा, राघव आचार्य एवं सत्यनारायण सुथार शामिल रहे । मंच संचालन भंवर लाल मीणा ने किया। मुख्य अतिथि बेलवा ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का उद्देश्य बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना है । साइकिल मिलने से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी तथा उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। उन्होंने बालिकाओं को नियमित अध्ययन कर भविष्य संवारने के लिए प्रेरित किया

। कोठाज प्रशासक गोपाल सिंह कानावत ने संबोधित करते हुए कहा ग्राम पंचायत क्षेत्र में कई विकास कार्य किए गए है। राज्य सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाकर काम किया है । कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की मांग पर प्रधान बेलवा ने ग्राम पंचायत स्तर पर पुस्तकालय खोलने की घोषणा की । उन्होंने कहा कि पुस्तकालय की स्थापना से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं एवं अन्य अध्ययन सामग्री का लाभ मिलेगा । इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, अभिभावकगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।


# राजस्थान का बजट आज : 2026-27 में भीलवाड़ा के लिए विकास की कई बड़ी मांगें

## विधायक अशोक कोठारी ने शहरी ढांचा, उद्योग,चिकित्सा, शिक्षा और ऊर्जा क्षेत्र को लेकर सरकार से की विस्तृत घोषणाओं की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा ।**

वस्त्रनगरी भीलवाड़ा, जिसे एशिया का मैनचेस्टर कहा जाता है और जो राजस्थान की कुल माइनिंग में लगभग 33 प्रतिशत की भागीदारी के साथ राज्य की जीडीपी में तीसरे स्थान पर है, उसके अनुरूप विकास नहीं हो पाने को लेकर शहर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने राजस्थान सरकार के तृतीय बजट 2026-27 के लिए विशेष मांगें प्रस्तुत की हैं। विधायक कोठारी ने कहा कि जितना योगदान भीलवाड़ा राज्य के राजस्व में देता है, उतना विकास आज भी लंबित है।

विधायक कोठारी ने अजमेर रोड स्थित गायत्री आश्रम चौराहे से रामधाम चौराहे तक एलिवेटेड रोड निर्माण, नेहरू तलाई व राजीव गांधी-नेहरू गार्डन के जीर्णोद्धार, कोठारी नदी पर साबरमती व चंबल रिवरफ्रंट की तर्ज पर रिवरफ्रंट विकास, गांधीसागर तालाब व मध्य टापू के सौंदर्यीकरण तथा स्मार्ट पार्किंग सिस्टम की घोषणा की मांग की। साथ ही नगर निगम के लिए रोड स्वीपर मशीन, जेसीबी, एंटी स्मोकगन, ट्रैक्टर, डंपर व 42 मीटर



फायर लैडर उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा।

अमृत योजना अंतर्गत शेष 30 प्रतिशत क्षेत्र में सीवरेज विस्तार, शहर में ई-गवर्नेंस हब, डिजिटल कियोस्क, एआई आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम तथा दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर के मध्य स्थित भीलवाड़ा में आधुनिक ट्रांसपोर्ट नगर विकसित करने की मांग की गई।



इसके साथ सुवाणा से मण्डपिया 13 किमी बाइपास को सुपर कॉरिडोर के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया।

जिला मुख्यालय पर सेटेलाइट हॉस्पिटल, कार्डियोलॉजी व कार्डियोथोरेसिक सर्जरी विभाग, टर्शियरी कैंसर केयर यूनिट, पूर्ण ट्रॉमा केयर सेंटर तथा न्यू आईपीडी भवन में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की गई।

टेक्सटाइल सिटी भीलवाड़ा में सस्ती बिजली, सोलर नीति में शिथिलता, ट्रांसमिशन चार्ज में राहत, ग्रिड अपग्रेडेशन, रूपाहेली में टेक्सटाइल पार्क को पीएम मित्रा योजना की तर्ज पर विकसित करने, सिरामिक जोन स्थापना, रिप्स-2024 सब्सिडी का त्रैमासिक भुगतान तथा रामसेतु लिंक परियोजना से भीलवाड़ा को जोड़ने की मांग की गई।


माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय में एमबीए, बीसीए, एमसीए सहित नए संकाय, सेमुमा कन्या महाविद्यालय में पीजी कोर्स, भीलवाड़ा को विश्वविद्यालय का दर्जा, टेक्सटाइल कॉलेज को डीम्ड यूनिवर्सिटी बनाने, महिला पॉलिटेक्निक में टेक्सटाइल डिजाइन शाखा, शिक्षा संकुल एवं संस्कृत शिक्षा के लिए जिला स्तरीय कार्यालय की मांग की गई।

विद्युत विभाग हेतु 3 नए 33 केवी जीएसएस, गृह विभाग में नए थाना भवन व अभय कमांड परिसर, पशुपालन विभाग में पॉलिक्लिनिक आधुनिकीकरण, पीडब्ल्यूडी द्वारा 28 करोड़ की नई सड़कें, जल जीवन मिशन अंतर्गत 100 करोड़ की जल योजनाएं, आयुष चिकित्सालयों हेतु भूमि तथा संभागीय कर भवन के नवीनीकरण की मांग शामिल है।

# सदाराम जी का खेड़ा में संगीतमय सुंदरकांड, सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल

## श्री राम जानकी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत रातभर गूंजे भक्ति संगीत और राम नाम





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

**(नरेश धाकड़)** श्री राम जानकी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार रात्रि को संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। देर शाम से शुरू हुए इस आयोजन में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालु पंहुचे । भक्ति, संगीत और श्रद्धा से ओतप्रोत वातावरण में पूरा गांव राममय हो उठा। कार्यक्रम में डॉ. पंडित मिथिलेश नागर ने सुंदरकांड के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुंदरकांड का श्रवण करने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, मनोबल बढ़ता है और संकटों से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने बताया कि सुंदरकांड सुनने से भय, रोग, तनाव और बाधाओं का नाश होता है तथा जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है। सुंदरकांड, रामचरितमानस का एक महत्वपूर्ण कांड है, जिसकी रचना गोस्वामी तुलसीदास ने की। इसमें हनुमान जी की वीरता, बुद्धिमत्ता और प्रभु श्री राम के प्रति उनकी अटूट भक्ति का सजीव वर्णन मिलता है। लंका प्रस्थान से लेकर माता सीता से भेंट, विभीषण से संवाद, लंका दहन और पुनः श्री राम के पास लौटने तक की घटनाओं का भावपूर्ण पाठ श्रोताओं को भाव-विभोर कर गया।

संगीतमय पाठ के दौरान भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। कई बार 'जय श्री राम' और 'हनुमान जी की जय' के गगनभेदी जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के समापन पर आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

# गेगा का खेड़ा में 15 फरवरी से क्रिकेट प्रतियोगिता

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**

निकटवर्ती गेगा का खेड़ा में खेल प्रेमियों के लिए श्री लक्ष्मीनाथ क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में 15 फरवरी से ब्लैक स्टोन ग्राउंड रोड के पास पर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

प्रतियोगिता में विजेता टीम को 21 हज़ार रुपए व उपविजेता को 11 हज़ार का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। मैच टेनिस बॉल से खेले जाएंगे। लीग मुकाबले 10-10 ओवर तथा फाइनल 12-12 ओवर का होगा। प्रवेश शुल्क 1500 रुपए रखा गया है। सभी खिलाड़ियों को आधार कार्ड लाना अनिवार्य रहेगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक टीमों से भाग लेने की अपील की है।



# आरबीआई के वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत लक्ष्मीखेड़ा में जागरूकता शिविर आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

**मानव तिवाड़ी ।** भारतीय रिज़र्व बैंक आरबीआई द्वारा 9 से 13 फरवरी तक आयोजित किए जा रहे वित्तीय साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत ग्राम पंचायत लक्ष्मीखेड़ा में वित्तीय साक्षरता केंद्र भैंसरौड़गढ़ की ओर से री-केवाईसी को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

शिविर के दौरान सीएफएल बिजोलिया फील्ड कोऑर्डिनेटर किरण सेन ने ग्रामीणों को सुरक्षित बैंकिंग लेन-देन, खाते के दुरुपयोग से बचाव, मनी म्यूल बनने से होने वाले नुकसान तथा डिजिटल एवं पारंपरिक बैंकिंग में आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी। उन्होंने बचत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आरडी, एफडी, पीपीएफ, सुकन्या समृद्धि योजना, सुरक्षा बीमा एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के बारे में भी जानकारी दी।



इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव मुकेश शर्मा ने ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। वहीं बैंक बीसी हरिराम ने मौके पर ही री-केवाईसी से संबंधित समस्याओं का समाधान किया और ग्रामीणों को बैंकिंग योजनाओं से जोड़ा।

# मानसरोवर झील व गांधी सागर तालाब बदहाली के शिकार, मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शहर के पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर विकास न्यास (यूआईटी) द्वारा लाखों रुपये खर्च कर विकसित की गई मानसरोवर झील एवं गांधी सागर तालाब आज बदहाली का शिकार हो चुकी हैं। न्यास अधिकारियों की लापरवाह कार्यप्रणाली और रखरखाव के अभाव में ये ऐतिहासिक व पर्यटन महत्व की जल संरचनाएं अपनी पहचान खोती जा रही हैं।

गांधी सागर तालाब की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। तालाब के चारों ओर काई और गंदगी की मोटी परत जम जाने से क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। इससे आसपास से गुजरने वाले राहगीरों, स्थानीय निवासियों एवं व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की आशंका भी गहराती जा रही है।

वहीं मानसरोवर झील की हालत भी किसी से छिपी नहीं है। रखरखाव के अभाव में सौंदर्यीकरण के तमाम दावे खोखले साबित हो रहे हैं और यह पर्यटन स्थल धीरे-धीरे उपेक्षा का शिकार होता जा रहा है।

इन हालातों को गंभीरता से लेते हुए मानव अधिकार परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बंब ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर दोनों जलाशयों की दुर्दशा से अवगत कराया है। पत्र में मांग की गई है कि इन स्थलों पर तत्काल प्रभाव से विशेष सफाई अभियान चलाया जाए, सौंदर्यीकरण कार्य पुनः शुरू किया जाए, नियमित रखरखाव की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा लापरवाह अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि समय रहते इन प्रमुख पर्यटन स्थलों की ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो भीलवाड़ा पर्यटन के क्षेत्र में निरंतर पिछड़ता चला जाएगा, जबकि शहर में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

# श्रम विभाग की वी सी के माध्यम से बैठक आयोजित

## लेबर सेस कटौती और जमा पर हुई विस्तृत चर्चा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

श्रम विभाग के शासन सचिव की अध्यक्षता में स्वायत्त शासन विभाग और श्रम विभाग के बीच आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में निर्माण कार्यों पर लगने वाले लेबर सेस की नियमित कटौती, समय पर जमा और पारदर्शी रिपोर्टिंग व्यवस्था को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई।



उपश्रम आयुक्त शिवदयन सोलंकी ने बताया कि श्रम विभाग ने नगर निकायों को निर्देश दिए हैं कि वे नियम अनुसार कटौती करें और समय पर जमा करें। साथ ही, श्रम विभाग को नियमित रिपोर्ट भी देनी होगी। इससे श्रमिक कल्याण योजनाओं को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।

# सवाईपुर विद्यालय में 56 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को नवीं कक्षा की 56 छात्राओं को राज्य सरकार की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत साइकिलें प्रदान की गईं। कार्यक्रम प्रभारी मीनाक्षी कोठारी एवं प्रशासक किशन लाल जाट के सानिध्य में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं, जिन्हें पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।



हालांकि विद्यालय परिसर से बाहर निकलते ही कुछ साइकिलों की चेन उतरने की शिकायत भी सामने आई, जिस पर संबंधितों द्वारा ध्यान देने की आवश्यकता जताई गई।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच अमरचंद गाडरी, प्रधानाचार्या डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर, उप प्रधानाचार्य शारदा सुखवाल, अर्पणा सैनी, दीपिका वैष्णव, अशोक पोरवाल, मनोज राठौड़ सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# सनातन मंगल महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में

## हरि शेवा उदासीन आश्रम में आयोजित हुई समन्वय बैठक





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

19 से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह को लेकर नगर में तैयारियां अब निर्णायक चरण में पहुंच चुकी हैं। इसी क्रम में हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में सनातन समाज की विभिन्न जाति-बिरादरियों की एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के सानिध्य में संपन्न हुई, जिसमें आयोजन की विस्तृत रूपरेखा पर मंथन करते हुए इसे ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बनाने का सर्वसम्मति से संकल्प लिया गया। बैठक में उपस्थित सनातन समाज के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि यह महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और एकता का महाकुंभ होगा। समाज के प्रत्येक वर्ग ने तन-मन से आयोजन में योगदान देने का दृढ़ निश्चय व्यक्त किया।

**आज होगी मातृशक्ति की बैठक**

महोत्सव की सफलता में मातृशक्ति की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए जानकारी दी गई कि 11 फरवरी को सायं 4 बजे हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में मातृशक्ति की विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में महिलाओं को स्वच्छता, अतिथि सत्कार, प्रसाद व्यवस्था, अनुशासन, सुरक्षा, सजावट एवं प्रचार-प्रसार सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।

स्वामी हंसराम उदासीन ने कहा कि सनातन मंगल महोत्सव के माध्यम से धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का संदेश जन-जन तक पहुंचेगा तथा यह आयोजन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। बैठक का समापन एकता, सेवा और संकल्प के भाव के साथ हुआ, जिसमें सभी ने आयोजन को भव्य सफलता तक पहुंचाने का प्रण लिया।

## QUICK BITES

### भाजपा महुआ मंडल की कार्यकारिणी घोषित

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ।

भारतीय जनता पार्टी मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के निर्देशानुसार एवं विधायक गोपाल खंडेलवाल की सहमति से मंडल अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा द्वारा की गई। घोषित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर रणवीर सिंह शक्तावत, विष्णु कुमार शर्मा, हरजी रेबारी मुकुंदपुरिया, उकार लाल बेरवा, कंचन देवी नाथ पंचायत समिति सदस्य तथा भेरूलाल गुर्जर पूर्व सरपंच, झंझोला को जिम्मेदारी सौंपी गई है। महामंत्री पद पर कैलाश चंद्र सुखवाल एवं अरविंद कुमार माली को नियुक्त किया गया है, जबकि मंडल मंत्री के रूप में नरेश कुमार रायका, चंदा देवी प्रजापत सरपंच, मानपुरा, गोपाल लाल बलाई, आरती गर्ग, देऊ धाकड़ एवं सीमा मीणा को शामिल किया गया है। इसके साथ ही कोषाध्यक्ष पद पर कैलाशचंद्र तेली की घोषणा की गई।

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर शक्ति दिवस का आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



गर्भवती महिलाओं, शिशुओं और आमजन को सुरक्षित मातृत्व व स्वस्थ शिशु जन्म के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चिकित्सा विभाग द्वारा मंगलवार को जिलेभर के आंगनबाड़ी केंद्रों पर शक्ति दिवस का आयोजन किया गया।

इस दौरान बच्चों को आयरन सिरप पिलाई गई तथा गर्भवती महिलाओं को एलईडी टीवी के माध्यम से 'गर्भ की पाठशाला' यूट्यूब चैनल से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। सीएमएचओ डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि यह पहल मुख्यमंत्री की निरामय राजस्थान की संकल्पना को साकार करने में सहायक है। चैनल पर गर्भावस्था देखभाल, एनीमिया रोकथाम, पोषण, स्तनपान और नवजात शिशु देखभाल से जुड़ी जानकारी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दी जा रही है।

मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्र सुवाणा द्वितीय का जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया और स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई। चिकित्सा विभाग ने अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं से 'गर्भ की पाठशाला' यूट्यूब चैनल से जुड़ने की अपील की है।

### भेरू खेड़ा प्रथम सतपाल नगर में 13 फरवरी से श्रीमद् भागवत कथा


भीलवाड़ा फोकस @ आगुचा

**( गोपाल )** क्षेत्र के भेरू खेड़ा प्रथम सतपाल नगर में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से श्री राधा-कृष्ण भगवान के नाम वार्षिक उत्सव एवं अमावस्या उद्यापन के अवसर पर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा।

कथा का आयोजन 13 फरवरी से 19 फरवरी तक श्री राधा-कृष्ण भगवान मंदिर प्रांगण में होगा। कथा वाचन पंडित भवर कृष्ण शास्त्री अमर्तिया वाले द्वारा किया जाएगा। कथा प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगी। आयोजन श्री श्री 108 महंत लव कुश दास महाराज, चिंताहरण बालाजी आश्रम के सानिध्य में संपन्न होगा। 19 फरवरी को विशाल हरि बोल प्रभात फेरी का भी आयोजन किया जाएगा।

### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय का 90वां त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव 14 से

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।



**रमेश गुर्जर ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा 90वां त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में नगर के विजयवर्गीय भवन के सामने अमरनाथ बाबा एवं 12 ज्योतिर्लिंगों की त्रिदिवसीय भव्य झांकी का आयोजन 14, फ़रवरी से 16 फरवरी तक किया जाएगा।

आयोजन के अंतर्गत 14 फरवरी को शाम 7 बजे से 10 बजे तक सामूहिक भजन कार्यक्रम का भी आयोजन होगा।

### तिलस्वां में बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत विधिक साक्षरता शिविर हुआ आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।




**रमेश गुर्जर ।** तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देश पर मंगलवार को तिलस्वां स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में पीएलवी अंजली नायक ने विद्यार्थियों को बाल विवाह से होने वाली सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक हानियों के बारे में जानकारी दी तथा बाल विवाह की वैधानिक आयु के बारे में समझाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को यह शपथ भी दिलाई गई कि वे न तो स्वयं बाल विवाह करेंगे और न ही किसी अन्य का बाल विवाह होने देंगे। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ मनोज कुमार, मोहनलाल धाकड़, जगदीशप्रसाद मीणा, महावीर कुमार अहीर, गोपाल पाराशर, संजीना नायक, सुनीता नायक सहित बालक-बालिकाएं उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।